मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 287, मुंबई, सोमवार, 8 जनवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
मुंबई हलचल ®
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर




# बिलकिस बानो गैंगरेप में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला



## जेल में ही रहेंगे 11 आरोपी, गुजरात सरकार को झटका

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म और परिवार के 7 लोगों की हत्या के केस में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 11 दोषियों सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया। बता दें कि पिछले साल गुजरात सरकार ने आरोपियों को सजा में छूट देते हुए जेल से रिहा कर दिया गया था। इसके बाद बिलकिस बानो ने सुप्री कोर्ट का रुख अपनाया था। (शेष पृष्ठ 2 पर)


# महिला पुलिसकर्मियों से सीनियर्स ने किया रेप

## वीडियो बनाया... मुख्यमंत्री को लिखे पत्र से हड़कंप

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस फोर्स में कार्यरत 8 महिला पुलिसकर्मियों द्वारा मुख्यमंत्री को लिखा गया कथित पत्र वायरल हो रहा है। जिसमें महिला पुलिसकर्मियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर बलात्कार करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस पत्र से पूरे पुलिस महकमे में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, यह सनसनीखेज घटना मुंबई पुलिस के नागपाडा मोटर परिवहन विभाग से सामने आई है। (शेष पृष्ठ 2 पर)

**रिपोर्ट के मुताबिक, जब बार-बार रेप से महिला सिपाही गर्भवती हो गई तो उसका जबरन गर्भपात भी कराया गया**



### सीबीआई से जांच की मांग

पत्र में महिला पुलिसकर्मियों ने कहा है कि वह अपनी शिकायत लेकर डिप्टी कमिश्नर से मिलीं थी, लेकिन उन्होंने अपने केबिन से उन्हें बाहर निकाल दिया। पीड़ित महिलाओं की मांग है कि इस मामले की जांच सीबीआई, क्राइम ब्रांच और साइबर सेल से कराई जाए। उधर, मुंबई पुलिस ने कथित तौर पर आठ महिला कांस्टेबल ड्राइवरों द्वारा लिखे गए इस पत्र की जांच शुरू कर दी है। जब इंडियन एक्सप्रेस ने उन महिला कॉन्स्टेबलों से संपर्क किया, तो उन्होंने साफ कहा कि उन्होंने ऐसा कोई पत्र नहीं लिखा है।

# कोस्टल रोड जल्द होगा शुरू



## सीएम शिंदे ने दी जानकारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** नए साल में मुंबईवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया है कि मुंबई कोस्टल रोड के पहले चरण का काम जनवरी के अंत तक पूरा हो जाएगा प्रियदर्शिनी में तटीय सड़क परियोजना का निरीक्षण करने के बाद सीएम शिंदे ने यह जानकारी दी। इस मौके पर बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल भी मौजूद थे। मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम शिंदे ने बताया कि कोस्टल रोड का 83 फीसदी काम पूरा हो चुका है। मुंबई शहर के यातायात को बेहतर करने की दृष्टि से यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जनवरी महीने में कोस्टल रोड को खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, मरीन ड्राइव से वर्ली सी-फेस तक कोस्टल रोड के एक टनल का काम 31 जनवरी तक पूरा हो जाएगा और जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 2 पर)

# एटीएस ने बोरीवली में गेस्ट हाउस पर मारा छापा

## 6 गिरफ्तार, 3 बंदूकें और 36 जिंदा कारतूस बरामद




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) को बड़ी कामयाबी मिली है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि एटीएस की मुंबई यूनिट ने शहर के बोरीवली इलाके में एक गेस्ट हाउस में छापेमारी की। इस दौरान छह लोगों को भारी मात्रा में हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ संदिग्धों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद एटीएस ने बोरीवली के एलोरा गेस्ट हाउस में छापा मारा। (शेष पृष्ठ 2 पर)

**मामले की आगे की जांच जारी है, यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ये लोग इतने हथियार लेकर शहर में क्यों ठहरे थे**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### जरूरी हैं एहतियाती तैयारियां

**गजा में इजराइली हमलों के कारण पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय युद्ध भड़कने का खतरा पैदा हो गया है। नतीजतन, वैश्विक सप्लाई चेन भंग होने लगा है। इससे फिर महंगाई का दौर आने की आशंकाएं गहराती जा रही हैं।**

भारतीय नौसेना की तत्परता ने उस जहाज को समुद्री डाकुओं से अपहरण के कुछ घंटों के अंदर ही छुड़ा लिया, जिस पर कम-से-कम 15 भारतीय कर्मचारी सवार थे। एमवी लीला नॉरफोक नाम के इस जहाज पर लाइबेरिया का झंडा लगा हुआ था। चार जनवरी की शाम हथियारों से लैस पांच-छह अज्ञात लोग जहाज पर सवार हो गए थे। यह खबर मिलने के बाद भारत के लड़ाकू जहाज आईएनएस चेन्नई को एमवी लीला की मदद के लिए भेजा गया। भारतीय नौसेना का एक विमान भी अपहृत जहाज के ऊपर से उड़ा। आखिरकार डाकू संभवतः जहाज को छोड़कर भाग गए, क्योंकि जब जहाज की जांच-पड़ताल की गई, तो उस पर कोई अवांछित व्यक्ति नहीं मिला। यह घटना शायद नहीं होती, अगर इजराइल-फिलस्तीन युद्ध के कारण लाल सागर में तनाव पैदा नहीं हुआ होता।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**कोस्टल रोड जल्द होगा शुरू**

जबकि दूसरी टनल का काम मई 2024 तक पूरा हो जाएगा। कोस्टल रोड के दोनों सुरंगों में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। दुर्घटना या आग लगने की स्थिति में धुआं बाहर निकल जाएगा। कोस्टल रोड से ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, कोस्टल रोड जनवरी में शुरू होगी। मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक (एमटीएचएल) ब्रिज 12 जनवरी को खुलेगा। इसे रायगढ़ जिले तक 12 मिनट में पहुंचा जा सकता है।

**महिला पुलिसकर्मियों से सीनियर्स ने किया रेप**

मोटर परिवहन विभाग में कार्यरत आठ महिला पुलिस कांस्टेबलों ने आरोप लगाया है कि तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व अन्य कई दिनों से उनके साथ बलात्कार कर रहे हैं। कथित तौर पर पीड़ित महिला पुलिस कर्मियों ने खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मुंबई पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है। यह कथित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल रहा गया है। पत्र में मुंबई पुलिस के मोटर ट्रांसपोर्ट विभाग की आठ महिला पुलिसकर्मियों ने पुलिस उपायुक्त, दो इंस्पेक्टर, तीन कांस्टेबल पर रेप का आरोप लगाया है। ड्राइवर के पद पर कार्यरत महिला पुलिसकर्मियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

**एटीएस ने बोरीवली में गेस्ट हाउस पर मारा छापा**

एटीएस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किये गए सभी संदिग्ध लोग दिल्ली के रहने वाले हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एटीएस ने कहा, आतंकवाद निरोधक दस्ते की मुंबई इकाई ने बोरीवली इलाके में गेस्ट हाउस पर छापा मारा और 6 लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 3 बंदूकें और 36 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

**बिलकिस बानो गैंगरेप में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

बता दें कि न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 11 दिन की सुनवाई के बाद दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर पिछले साल 12 अक्टूबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। तीन मार्च 2002 में गोधरा दंगों के दौरान गुजरात मेंदाहोद जिले के रंधिकपुर गांव में बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप किया गया था। उस समय पांच महीने की गर्भवती बिलकिस बानो 21 साल की थी।

# बोईसर-पालघर पत्रकार संघ द्वारा 'दर्पणकार' की जयंती पर सुहास म्हात्रे व चैतन्य वर्तक को विशेष जीवन रक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पालघर।** पालघर जिले में पत्रकारिता व सामाजिक कार्यों में सराहनीय भूमिका निभाने वाले पत्रकार संगठन बोईसर-पालघर पत्रकार संघ(रजि.) द्वारा शनिवार 6 जनवरी 2024 को 'दर्पणकार' आचार्य स्व.बालशास्त्री जाम्भेकर की जयन्ती (पत्रकार दिन) पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत पानी टांकी के पास स्थित टीमा हॉल में गणमान्यों व पत्रकारों की विशेष उपस्थिति में समाज के लिए मिशाल बने सुहास म्हात्रे व चैतन्य वर्तक को विशेष जीवन रक्षक पुरस्कार से सम्मानित करते हुए मनाई गई।बतादें कि गत वर्ष जुलाई माह की 05 तारीख को भयंकर बरसात से भरे पानी के बीच माहिम के समीप फणसभाट में दोपहर साढ़े तीन बजे ट्यूशन जा रही एक सात वर्षीय बच्ची बिजली का तार टूट जाने के कारण उसमें दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गई। तभी साथी बच्चो की आवाज सुहास म्हात्रे व चैतन्य वर्तक ने सुनी तो दोनों तत्काल मौके पर पहुंचे और बिजली का फ्यूज निकाल कर तुरंत बच्ची को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया था जिससे बच्ची की जान बच पाई थी।इसी लिए बोईसर-पालघर पत्रकार संघ द्वारा उन्हें मान्यवरों के हाथों विशेष जीवन रक्षक पुरस्कार-2023, शॉल, श्रीफल,प्रशंसापत्र, स्मृति चिन्ह तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट व पत्रकारों आदि का टीमा की मेन गेट से कार्यक्रम स्थल तक सी.टी.ई.एस. इंग्लिश मीडियम स्कूल,चित्रालय की छात्राओं द्वारा लेजिम के साथ स्वागत करते हुए की गई तथा वहीं सभागृह में सर्वप्रथम मान्यवरों के शुभ हाथों से दर्पणकार स्व.बालशस्त्री जाम्भेकर के फोटो पर माल्यार्पण व पुष्पहार अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित करके की गई।इस दौरान सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट मौन रखकर जम्मू कश्मीर के राजोरी-पुन्छ मे आतंवादी हमलों मे शहीद हुए देश के जवानो और नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सी.टी.ई.एस. इंग्लिश मीडियम स्कूल,चित्रालय-बोईसर के विद्यार्थियोंने द्वारा ईश प्रार्थना, स्वागत गीत तथा याला जवाबदार कौन? नामक पथ नाट्य, व्यसन मुक्ति तथा अमलीय पदार्थ सेवन पर विशेष जनजागृति की गई। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में पालघर जिला के अपर जिलाधिकारी भाऊसाहब फटांगरे व बोईसर पुलिस थाना के प्रभारी राष्ट्रपति पदक प्राप्त वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिरीष पवार, अग्निशमन केन्द्र तारापुर के सहायक अधिकारी प्रदीप राऊत, कोकुयो केम्लिन लि.के महाप्रबन्धक (एच आर) अजीत राणे, विश्वास फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी डा.विश्वास वलवी, विराज उद्योग समूह के दीपक भावे, अक्री ऑर्गेनिक प्रा.लि.के प्रबंधक रवि भावसर, बोईसर के पूर्व सरपंच काशीराम वलवी, समाजसेवी अरविंद सिंह क्षत्रिय, हनुमान सिंह, रामनरेश यादव,जयंती महतो, प्रदीप सिंह मास्टर, अनिल सिंह, इकरार अहमद सिद्दीकी, बी.बी.सिंह, सुभाष पाण्डेय, विजय शंकर तिवारी, दिनेश पाठक, तुलसीराम केवट, जिल्लेदार वर्मा, संजय बारी, सोनू पाण्डेय, प्रमोद दवणे, देवीदत्त पोखरिया, विकास शुक्ला, विष्णुदेव पाण्डेय, सपना प्रभु, सहित वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद तिवारी, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, ए.के.पाण्डेय, दुर्गेश पाठक, संजय बहादुरे, अनिल भोवड, विकास सिंह, अरुण यादव, शेरबानो शेख समेत अनेक गणमान्य लोगों का पत्रकार संघ द्वारा स्वागत किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि पालघर के अपर जिलाधिकारी भाऊसाहेब फटांगरे, थाना प्रभारी शिरिष पवार, कोकुयो केम्लिन लि. के महाप्रबंधक(एच आर) अजीत राणे, अग्नि शमन केंद्र के सहायक अधिकारी प्रदीप राऊत,समाजसेवी डॉ.विश्वास वलवी तथा सत्कार मूर्ति सुहास म्हात्रे ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का प्रस्ताविक महासचिव मोहन म्हात्रे ने किया तथा संघ के अनवरत कार्यों का लेखा जोखा सचिव निलेश नगरकर ने प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम का सफल सूत्र संचालन(राज्य आदर्श शिक्षक पुरस्कार प्राप्त प्रा.संजय घरत द्वारा किया गया। बोईसर-पालघर पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मान्यवरों के प्रति आभार व्यक्त किया और स्नेह भोजन करने का आग्रह करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।इस अवसर पर बोईसर-पालघर पत्रकार संघ के कार्याध्यक्ष जयप्रकाश पाटील, उपाध्यक्ष प्रमोद गजभिए, भूपनारायण शुक्ला व प्रवीण पाटील, सचिव ओमप्रकाश द्विवेदी, सहसचिव दीपक निराला, अजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मंगेश नगरकर, सहकोषाध्यक्ष जयप्रकाश जयसवाल, कार्यकारिणी सदस्य मृत्युंजय पाण्डेय, संगीता शाह, नीता राऊत, अमित दुबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अग्निशमन दल की ओर से विभिन्न प्रकार से लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए सभी उपस्थित जनों के समक्ष डेमो प्रस्तुत कर मन मोह लिया।




# स्वामी विवेकानंद भारतीय एकता संघ द्वारा गरीब असहाय लोगों में गर्म कपड़े वितरित किए गए

## कड़कड़ाती ठंड में गर्म कपड़े पाकर खिले मासूमों के चेहरे पर आई प्रसन्नता



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मछलीशहर जौनपुर।** मछलीशहर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्थित खाखोपुर वनवासी बस्ती और बटनहित मलिन बस्ती में आज स्वामी विवेकानंद भारती एकता संघ मछलीशहर द्वारा गरीब और असहाय जरूरतमंद लोगों में गम कपड़े वितरित किया गया। बताते चले हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद भारतीय एकता संघ मछलीशहर द्वारा कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए नौजवान बच्चों ने अपने पैसे को एकत्रित कर गर्म कपड़े खरीद कर गरीब व असहाय लोगों में वितरित किया। इस कड़कड़ाती ठंड में गर्म कपड़े और जरूरत की चीज पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे , जरूरत की चीजे पाकर इनके चेहरों पर प्रसन्नता की लकीर दिखाई देने लगी। इस मौके पर बंटी, अमित गुप्ता, सरस गुप्ता, मयंक, कुशल, सुरेश, अंकित चौधरी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# स्क्रैप का सलिया एवं जूनी इंट से अवैध रूप से निर्माण इमारत पर तत्काल तोड़क कार्रवाई होनी ही चाहिए



## ग्राउंड प्लस 7 मंजिला अवैध इमारत बनाने वाला महफूज नाम का बिल्डर जनता के जीवन के साथ कर रहा है खिलवाड़

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**दिवा प्रभाग /जिला ठाणे।** दिवा प्रभाग समिति के अंतर्गत अचार गली में स्थित नसरुल्ला की बिल्डिंग के सामने बिना किसी प्रशासनिक भय तथा रोक-टोक के बन रही ग्राउंड प्लस 7 मंजिला अवैध निर्माण इमारत खड़ी हो गई है, इस अवैध निर्माणाधीन इमारत का बिल्डर बहुत ही कम समय में आनन-फानन में घटिया मटेरियल, स्क्रैप का लिया, एवं जूनी इंट का इस्तेमाल कर बहुत तेजी के साथ 7 मंजिला अवैध निर्माण कर इस इमारत को खड़ा करने में सफल रहा है।

इस अवैध ईमारत को बनाने वाले महफूज नाम का बिल्डर, जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है, क्योंकि जिस तरह इस क्षेत्र के बिल्डर अवैध निर्माण द्वारा इमारत खड़ी कर रहे हैं इसे देखकर ऐसा नहीं लगता कि ऐसा भवन ज्यादा वर्षों तक अपने स्तम्भ पर खड़ी रह पाएगी। बिल्डर तो मकान बेचकर और अपना माल बटोर कर फरार हो जाएंगे उसके बाद दिया-बत्ती लेकर तलाश करने के बाद भी बिल्डर किसी के हाथ नहीं आएंगे। आने वाले समय में रहवासियों की जान खतरे में डालकर रकम लेकर फरार होने वाले बिल्डरों की जिम्मेदारी कौन लेगा और इस अवैध निर्माण इमारत की मजबूती की गारंटी कौन देगा। इसलिए समय रहते इस अवैध निर्माण इमारत को बनने से रोका जाए और इमारत के साथ-साथ बिल्डर पर कानूनी कार्रवाई अवश्य करने की जरूरत है, तथा इस अवैध व्यापार से जुड़े सरकारी विभागों के अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।






**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी से अपील है कि घटिया मटेरियल और जूनी इंट का इस्तेमाल करके बिल्डर महफूज द्वारा बनाये गये ग्राउंड प्लस 7 मंजिला अवैध इमारत पर जल्द संज्ञान में लेते हुये कार्रवाई का आदेश जारी करें, क्योंकि महफूज जैसे बिल्डर की वजह से ही आम जनता को अवैध इमारत ढहने के बाद जान से हाथ धोंना पढ़ता है**

# अब्दुल गफ्फार खान बने राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी के मुंबई विभागीय सरचिटणीस

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुस्लिम समाज के लोकप्रिय समाजसेवक अब्दुल गफ्फार खान को मुंबई विभागीय राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी का सरचिटणिस बनाया गया। अब्दुल गफ्फारखान पिछले कई वर्षों से पार्टी का काम इमानदारी से कर रहे है। उनके समाजकार्य को ध्यान में रखते हुए उन्हे माजी सांसद सन्माननिय समिर बुजबळ इन्होने मुंबंई के विभागीय स्तर पर पार्टी का सरचिटणिस पद पर नियुक्ती पत्र देकर कि गफ्फारखान ने अपनी नियुक्ती होने पर उपमुख्यमंत्री अजीतदादा पवार साहेब, छगन भुजबळ साहेब, समीर भुजबळ, हसन मुश्रिफ साहेब, नवाब मलिक साहेब, राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी के सभी नेतागण का प्रसिध्दी माध्यम के जरिए शुक्रीया अदा किया। अब्दुल गफ्फारखान इनकी सरचिटणिस पद पर नियुक्ती होने पर मुंबई के सभी दोस्त मित्रो ने अब्दुल गफ्फारखान को मुबारक बाद दि. किसी ने सोशल मिडिया पर, तो किसी ने वर्तमान पत्र के जरीए तो किसी ने फेसबुक पर तो किसी ने इन्टॉग्राम, व्हॉटसअप, टिवटर, तो किसी ने फोन पर संपर्क करके अब्दुल गफ्फार खान को मुबारक बाद दी। अब्दुल गफ्फार खान ने सभी कि बधाईयॉ, शुभकामनाएँ को स्विकारा और सभी दोस्त मित्रो का दिल के गहराई से शुक्रीया अदा किया।



# सरकार का आदेश - सड़क पर व्यापार करने वालों पर रहे ध्यान विशेष

**मुंबई हलचल/जी ए खान**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को यह आदेश दिया है कि सड़कों पर व्यापार करने वाले अर्थात फेरीवाले सभी छोटे व्यापारी वर्ग को प्रोत्साहित किया जाए ताकि वह लोग अपने जीवन यापन का खर्च उठाने में सक्षम हो जाएं तथा किसी पर निर्भर न होकर वह स्वयं आत्मनिर्भर हो जाएं। इस तरह यह समाज पर बोझ भी न रहेंगे तथा देश के विकास में विशेष भूमिका भी निभाएंगे। इस योजना को प्रधान मंत्री स्वः निधि योजना कहा गया है। इस सन्दर्भ में अब तक लगभग 58 लाख से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है जिनमें महिलाओं की भागीदारी तकरीबन 44% है जो कि सकारात्मक है। अफसोस की बात यह है कि अब तक केवल 13 राज्यों ने ही स्वः निधि योजना समिति का गठन किया है और बाकी राज्य इस कार्य में अब तक सहमति नहीं बना पाए हैं। इस बाबत केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने एक सम्मेलन में कहा है कि कोई भी राज्य इस योजना समिति का गठन एवं इस को लागू करने में देरी न करे। इस योजना के तहत प्रत्येक फेरीवाले को पहले 10, 000/-रुपये की राशि सब्सिडी के साथ मात्र 7% के ब्याज दर पर उपलब्ध करायी जाएगी। फेरीवाले ब्याज की रकम प्रत्येक महीने की दर से एक वर्ष के भीतर अदा कर देने को बाध्य होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नियम का पालन करने पर फेरीवाले को अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा तथा डिजिटल लेनदेन के जरिए उनके बैंक खाते में प्रोत्साहन की रकम वापस भी दी जाएगी।


## खबर संक्षेप

### सरकार की ढील - आर एस एस भी करता सरकारी डील

**मुंबई हलचल/जी ए खान**

**नागपुर।** बीते महीने एक चीनी शिष्टमंडल नागपुर स्थित आर एस एस अधिकारियों से मुलाकात करने स्मृति मंदिर भवन जा पहुंचा, जो कि संघ के स्थापक केशव बलिराम हेडगेवार की यादगार है, इस राजनयिक टोली में मुंबई तथा दिल्ली दूतावास से जुड़े अधिकारी शामिल थे, इस समाचार की पुष्टि संघ के अधिकारी ने भी कर दी है इन सभी राजनयिकों को संघ के दूसरे वरिष्ठ अधिकारी ने आगमन का स्वागत किया जिसका कारण यह है कि संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत नागपुर में उपस्थित नहीं थे। औपचारिक तौर पर बातचीत के बाद यह समुह महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय तथा हिंदी विश्वविद्यालय को भी देखने गया जहाँ पर चीनी भाषा भी पढ़ाई जाती है। माना जाता है कि वर्ष 2020 के विजय दशमी पर्व के भाषण में श्री भागवत ने चीन के घुसपैठ के सन्दर्भ में तीखा बयान दिया था तथा भारत सरकार को चीन से निपटने की सलाह भी दी थी। सूत्रों के अनुसार इसी मामले की लीपापोती के लिए यह भ्रमण एक खास योजना के तहत किया गया है। जानकारों का कहना है कि खबरें ठंडी होने के बाद ही समाचार एजेंसी को बताना दरअसल बड़े मामले को छोटा कर बताना है, हालांकि इस तरह का राजनयिक भ्रमण कभी-कभी ही देखने को मिलता है।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान में टीसीएस रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 57,408.22 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान टीसीएस और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 214.11 अंक या 0.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

# कर्ज महंगा हुआ तो इसका असर यात्री वाहनों की बिक्री पर पड़ेगा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक यदि आगे चलकर प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती नहीं करता है, तो वाहन कर्ज और महंगा हो सकता है, जिसका सीधा असर यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री पर पड़ेगा। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने यह बात कही है। श्रीवास्तव ने कहा कि इस साल उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों के ऊंचे आधार के चलते यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि एक अंक में रह सकती है। श्रीवास्तव ने कहा कि देश की कुल आर्थिक वृद्धि एक सकारात्मक कारक है।

- 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों की बिक्री हुई

## मारुति के अधिकारी ने कहा, उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार

### 2023 में वृद्धि 8.3 प्रतिशत रही

इस आधार पर लगातार वृद्धि हासिल करना कुछ मुश्किल है। हमने देखा कि 2021 में वृद्धि लगभग 27 प्रतिशत थी, 2022 में यह 23 प्रतिशत थी। 2023 में यह 8.3 प्रतिशत है। इसलिए मेरा अनुमान है कि इस साल वृद्धि एक अंक में रहेगी। श्रीवास्तव ने कहा कि वाहन कर्ज की दरों में संभावित बढ़ोतरी भविष्य की मांग को प्रभावित कर सकती है।



### अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर वृद्धि निर्भर

श्रीवास्तव ने कहा, 'वाहन उद्योग की वृद्धि काफी हद तक कुल अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर निर्भर करती है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दोनों के बीच अधिक जुड़ाव होता है... इसलिए यह एक सकारात्मक पक्ष है।' उन्होंने कहा, हम पहुंच ऊंचे 'आधार' पर पहुंच गए है।

### पिछले साल ढाई प्रतिशत वृद्धि हुई है

पिछले साल से रेपो दर में ढाई प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी को अभी पूरी तरह खुदरा स्तर पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि आवास ऋण में फ्लोटिंग दरों की वजह से रेपो दर में वृद्धि तुरंत खुदरा ऋण दरों में आती है।

### 98 फीसदी कर्ज फिक्स्ड दरों पर होता है

वाहन ऋण के मामले में लगभग 98 प्रतिशत कर्ज निश्चित या फिक्स्ड दरों पर होता है। श्रीवास्तव ने कहा कि अबतक रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी में से 1.3 प्रतिशत खुदरा वाहन कर्ज में आया है। यदि इस साल नीतिगत दर में कटौती नहीं होती है, तो वाहन कर्ज 1.2 प्रतिशत और महंगा हो सकता है।

*अन्य कारक बिक्री को प्रभावित करेंगे*

*अधिकारी ने कहा कि ब्याज दर में संभावित वृद्धि के अलावा जो अन्य कारक यात्रा वाहन की बिक्री को प्रभावित कर सकती है, उनमें दबी मांग का समाप्त होना और विनिर्माताओं द्वारा 2023 की समाप्ति से पहले स्टॉक में किया गया 'करेक्शन' शामिल है।*

## भारत कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रहा

# खपत बढ़ाने के लिए महंगाई को नीचे लाना जरूरी : इंडिया रेटिंग्स

- मुद्रास्फीति नीचे आने से लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा होगा
- निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रही है, क्योंकि उच्च मुद्रास्फीति निम्न आय वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रही है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने यह बात कही है।

पंत ने कहा, 'हालांकि, देश की अर्थव्यवस्था अब सामान्य से कम मानसून और उच्च वैश्विक तेल कीमतों के दोहरे झटके से निपटने की जुझारू क्षमता रखती है, लेकिन चुनौती मुद्रास्फीति को नीचे लाने की है, ताकि लोगों के हाथ में खर्च के लिए अधिक पैसा हो।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि मुद्रास्फीति में एक प्रतिशत अंक की कमी से सकल घरेलू उत्पाद में 0.64 प्रतिशत की वृद्धि होगी या पीएफसीई (निजी अंतिम उपभोग व्यय) में 1.12 प्रतिशत अंक की वृद्धि होगी... यदि मुद्रास्फीति को एक प्रतिशत अंक तक कम किया जा सकता है, तो यह सभी के लिए जीत की स्थिति होगी। पीएफसीई व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत उपभोग के लिए वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च को दर्शाता है।

### आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है

वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स की अनुषंगी कंपनी इंड-रा के अनुमान के मुताबिक, पीएफसीई चालू वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह वृद्धि 7.5 प्रतिशत थी। पंत ने कहा कि आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है।



### निजी कंपनियों का निवेश जरूरी

साल-दर-साल आधार पर लगातार खर्च के ऊंचे स्तर से राजकोषीय घाटे और ऋण के लिए जोखिम पैदा होता है, जिसके चलते ब्याज दरें ऊंची रहेंगी। 'जबतक निजी कंपनियों का निवेश शुरू नहीं होता और सरकार अपने द्वारा किए जा रहे कुछ निवेश को वापस नहीं लेती है, तबतक अर्थव्यवस्था में स्थिर वृद्धि की राह नहीं पकड़ेगी।'

### खाद्य कीमतों में वृद्धि से महंगाई बढ़ी

नवंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि है।

India Ratings & Research
A Fitch Group Company

*50 फीसदी को अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ रहा : पंत ने कहा, 'हमने एक अध्ययन किया है और पाया है कि निचले 50 प्रतिशत वर्ग के लोगों को शीर्ष 50 प्रतिशत आबादी के लोगों की तुलना में अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ता है। मुख्य रूप से निचले हिस्से के लोगों द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें ऊपरी स्तर द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की तुलना में तेजी से बढ़ रही हैं।'*

### भारत में दो प्रकार के आयवर्ग वाले

वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहेगी। पंत ने कहा कि आय वर्ग के मामले में भारत दो प्रकार के हैं - एक उच्च आय वर्ग के लोग और दूसरे निम्न आय वर्ग के लोग। 'पिरामिड' के निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा है जिस गति से संगठित क्षेत्र के लोगों या ऊपरी स्तर के लोगों का बढ़ रहा है।

# निवेश बैंकरों की शुल्क आय रिकॉर्ड 1.3 अरब डॉलर पर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



निवेश बैंकरों की शुल्क आय 2023 में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर के नए शिखर पर पहुंच गई। एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस (पुराना नाम रिफिनिटव) द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023 में अनुमानित शुल्क 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह 2022 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2000 से दर्ज किए जा रहे इन आंकड़ों में यह अबतक का सबसे ऊंचा आकंड़ा है। उच्च इक्विटी और बॉन्ड बिक्री की वजह से निवेश बैंकरों की आय बढ़ी है।

- 2023 में सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी

एजेंसी के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक 10.27 करोड़ अमेरिकी डॉलर के संग्रह के साथ निवेश बैंकिंग शुल्क हासिल करने में शीर्ष पर रहा। यह देश के कुल निवेश बैंकिंग शुल्क का 7.7 प्रतिशत है। दूसरा सबसे बड़ा शुल्क स्त्रोत इक्विटी पूंजी बाजार (ईसीएम) 'अंडरराइटिंग' से रहा। यह 2023 में 68 प्रतिशत बढ़कर 34.35 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

ईसीएम गतिविधियों में 2023 में 31.2 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। यह 2022 की तुलना में यह 59.6 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2021 के बाद से सर्वाधिक है। ईसीएम पेशकशों की संख्या में भी सालाना आधार पर 48.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।


### भजनलाल सरकार की पहली कैबिनेट बैठक जल्द

प्रदेश में मंत्रिमंडल का गठन और विभागों का बंटवारा हो चुका है। अब जल्द ही कैबिनेट की बैठक बुलाए जाने की तैयारी भी शुरू हो चुकी है।


# नाबालिग लड़की की आत्महत्या एवं यौन शोषण के संबंध में केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री रामदास आठवले को सौंपा ज्ञापन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली।** लोकहित मंच के अध्यक्ष मनोज भिसे ने सांगली जिले में नाबालिग लड़की की आत्महत्या एवं नाबालिग लड़की के यौन शोषण के संबंध में केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री रामदास आठवले को एक ज्ञापन सौंपा। फिलहाल सांगली जिले में नाबालिग स्कूल की बच्ची की आत्महत्या और आटपाडी में तीन नाबालिग लड़कियों को लॉज में ले जाकर यौन उत्पीड़न की घटनाओं ने हडकंप मचा दी है। कुपवाड के झील इंटरनेशनल स्कूल और जूनियर कॉलेज की 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक लड़की ने स्कूल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली,वही दूसरे दिन उसी कक्षा की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगा के आत्महत्या की,पालको को अपने बच्चों पे ध्यान रखें की जरूरत है, वही आटपाडी की तीनो ने तीन नाबालिग लड़कियों को एक लॉज में ले जा के उनके साथ यौन उत्पीड़न किया गया, इन घटनाओं से जिले में हड़कंप मच गया है। आटपाडी के युवक के खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है, इन सभी मामलों की गहन जांच और आरोपियों को अधिकतम सजा देने को लेकर निवेदन दिया गया है। लोकहित मंच के



मनोज भिसे द्वारा सांगली जिले में नाबालिगों के यौन शोषण सहित नाबालिगों की आत्महत्या के मामले में उच्च स्तरीय से जांच करने के लिए केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री रामदास अठावले को एक ज्ञापन (निवेदन) सौंपा गया है।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

**उत्तराखंड हलचल**

# उत्तराखंड में 20 हजार से ज्यादा स्थलों पर लोग देखेंगे रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**देहरादून।** अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से संपूर्ण देवभूमि भी जुड़ेगी। राज्य में इन दिनों विश्व हिंदू परिषद समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 32 आनुषांगिक संगठन राम काज में जुटे हैं। अयोध्या में पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र और रामलला के विराजमान होने संबंधी पत्रक घर-घर वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही, प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने के लिए भी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। उत्तराखंड में विभिन्न मंदिरों समेत 20 हजार से अधिक स्थलों पर विशाल एलईडी स्क्रीन पर इस समारोह का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था की जा रही है। रामलला के विराजमान होने पर शाम को दीपोत्सव मनेगा। भगवान श्रीराम के नूतन बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर समूचे उत्तराखंड में वातावरण राममय होने लगा है।



विश्व हिंदू परिषद की अगुआई में इन दिनों राज्यभर में जगह-जगह कलश यात्राएं, घर संपर्क कर पूजित अक्षत वितरण जैसे कार्य चल रहे हैं। 15 जनवरी तक यह क्रम चलेगा। साथ ही, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण सामूहिक रूप से देखने को कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अजय के अनुसार उत्तराखंड में 16 हजार से अधिक गांवों और सभी 105 शहरों में लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखेंगे। ये कार्यक्रम मंदिर केंद्रित होने के साथ ही सार्वजनिक स्थलों में भी एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की जाएगी। इन स्थलों की संख्या 20 हजार से अधिक है। रूपरेखा इस तरह से बनाई गई है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सुबह से ही मंदिरों समेत इन सभी स्थलों पर सुंदरकांड पाठ, कीर्तन-भजन के कार्यक्रम होंगे, जो दोपहर 12 बजे तक चलेंगे। इसके बाद दोपहर 12 से एक बजे तक सभी लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखेंगे। तत्पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

**दीपोत्सव के साथ ही विशेष सजावट**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद 22 जनवरी की शाम को देशभर की भांति उत्तराखंड में भी दीपोत्सव मनाया जाएगा। घरों, मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। साथ ही, घरों, प्रतिष्ठानों व सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सजावट की जाएगी। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अजय के अनुसार इस सिलसिले में व्यापार मंडल समेत अन्य संगठनों व रामभक्तों से वार्ता हो चुकी है।

**देवभूमि से 258 संत होंगे शामिल**

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देवभूमि उत्तराखंड से 258 संत भी शामिल होंगे। इनमें सभी अखाड़ों के अध्यक्ष, महामंत्री, कोठारी, आचार्य महामंडलेश्वर हैं। यही नहीं, राज्य के 13 अन्य विशिष्ट जन भी समारोह में आमंत्रित किए गए हैं।

# उत्तराखंड मंत्री के भाई के घर डकैती का सरगना मेरठ से गिरफ्तार, पुलिस ने फिल्मी अंदाज में की प्लानिंग, 15 माह बाद चढ़ा हत्थे

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार में काबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के भाई के घर करीब एक करोड़ रुपये की डकैती डालने वाले मुख्य सरगना परवेज उर्फ बाबा को उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने मेरठ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित बाबा घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उस पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। डकैती की इस घटना में शामिल आठ अन्य बदमाशों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि मुख्य आरोपित बाबा 15 माह की मशक्कत के बाद अब हत्थे चढ़ा। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल के अनुसार, काबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के चचेरे भाई डोईवाला निवासी शीशपाल अग्रवाल के घर पर 15 अक्टूबर 2022 को हथियारबंद बदमाशों ने डकैती डाली थी। डकैतों ने घर से कैश व आभूषणों को मिलाकर करीब एक करोड़ रुपये लूट लिए। तभी से बदमाशों की धरपकड़ की जा रही थी। डकैती में शामिल आठ आरोपितों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि मुख्य आरोपित परवेज उर्फ बाबा निवासी मोबिन नगर, समर गार्डन, फतेउल्लापुर थाना लिसाड़ीगेट, मेरठ वर्तमान निवासी खड्डा कालोनी, जैतपुर एक्सटेंशन, दिल्ली लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। एसएसपी के मुताबिक, परवेज की गिरफ्तारी के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई थी। परवेज को गिरफ्तार



करने के लिए उत्तराखंड पुलिस के अलावा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान व हरियाणा आदि राज्यों की पुलिस व एसटीएफ भी काफी समय से प्रयासरत थी। विवेचना में यह भी जानकारी मिली कि परवेज उर्फ बाबा हमेशा डकैती की वारदात करने के बाद अन्य किसी राज्य में अपने पुराने मुकदमों में जमानत तुड़वाकर न्यायालय में आत्मसर्मपण कर देता था। जिस कारण उससे अभियोग की माल बरामदगी भी नहीं हो पाती थी और वह मोबाइल फोन भी इस्तेमाल नहीं करता था, जिस कारण उसे गिरफ्तार करना आसान नहीं था। आरोपित के खिलाफ डकैती, लूट, चोरी, हत्या के प्रयास के 19 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया कि बाबा के छिपने के संभावित स्थानों की जानकारी जुटाते हुए एसटीएफ गिरफ्तारी के लिए दो माह से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि स्थानों पर डेरा डाले हुए थी। टीम को जानकारी मिली थी कि परवेज उर्फ बाबा जयपुर में कहीं रह रहा है। इस सूचना पर टीम ने जयपुर, मुंबई, चेन्नई, दिल्ली आदि संभावित स्थानों पर दबिश दी तो पता चला कि वह इन स्थानों से कुछ दिन पहले ही जा चुका है। इस बीच पता चला कि वर्तमान में वह दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज के नीचे खजूरी खास में परिवार के साथ पहचान बदलकर रह रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने खजूरी खास जाकर खोजबीन की तो परवेज का परिवार मिल गया, मगर उसका पता नहीं चला। एसएसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने भेष बदलकर उसके परिवार की विगत एक माह से अधिक निगरानी की, लेकिन फिर भी वह नहीं आया। फिर पता चला कि परवेज उर्फ बाबा का पिता आलमगीर बीमार हैं, जो मेरठ में घर पर हैं। सूचना मिली कि बाबा यहां अपने पिता से मिलने जरूर आएगा। इस पर पुलिस टीम ने मेरठ में उसके घर के आसपास डेरा डाल दिया। इसके बाद सूचना मिली कि परवेज उर्फ बाबा छह जनवरी को अपने पिता से मिलने के लिए मेरठ आ रहा है तो एसटीएफ ने बाबा को उसके घर से पहले ही अब्दुलापुर चौराहा, जेल रोड, मेरठ से गिरफ्तार कर लिया। डकैती में अब तक महबूब, मुनव्वर, शमीम, तहसीम कुरैशी, रियाज, नावेद, मेहरबान उर्फ बावला व वसीम उर्फ काला को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। डकैती में शामिल कुख्यात बदमाश नफीस उर्फ सपाटा अजीज ने गिरफ्तारी के डर से अदालत में सरेंडर कर दिया था।

## वैभव वालिया को कांग्रेस ने दी बड़ी जिम्मेदारी

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** देहरादून के वैभव वालिया को मिली बड़ी जिम्मेदारी ।बनाए गए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संचार विभाग के वार रूम के राष्ट्रीय अध्यक्ष। आगामी आम चुनाव के मध्य नजर दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय स्थित वार्ड रूम का अध्यक्ष बनाया गया है। ज्ञातव्य है की वर्तमान में वैभव वाले संचार विभाग के राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं ,तथा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लगातार राहुल गांधी जी के साथ कन्याकुमारी से लेकर जम्मू कश्मीर तक पदयात्रि रहे हैं वालिया भारत जोड़ो यात्रा के दौरान प्रसार और प्रचार की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा चुके हैं वैभव वालिया। संचार विभाग वार रूम के अध्यक्ष नियुक्त होने पर उत्तराखंड कांग्रेस के पदाधिकारियों ने दी बधाई शुभकामनाएं। शुभकामनाएं देने वालों में उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन महारा, उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, राजनीतिक सलाहकार अमरजीत सिंह, महेंद्र नेगी (महामंत्री प्रशिक्षण और संगठनात्मक ढांचा सुधार) शीश पाल सिंह बिष्ट इत्यादि शामिल रहे।

## महिला आयोग अध्यक्ष ने दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर की प्रेसवार्ता

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल के दो वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान हमने महिलाओं के समुचित विकास सुरक्षा और अवसरों के लिए कार्य किया है। महिलाओं को जागरूक करने के लिए 13 जिलों में कार्यशालाएं बनाकर नुक्कड़ - नाटक के माध्यम से जागरूकता, गांव-गांव जाकर महिलाओं से संपर्क कर शोषण के विरुद्ध उनके अधिकारों साथ ही अपने हेल्पलाइन नंबर की जानकारी उनसे साझा करी। अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, इंटर कॉलेजों में महिलाओं, युवतियों, छात्राओं की मॉनिटरिंग भी समय-समय पर करी गई। उन्होंने कहा कि जेल में बंद महिलाओं के भी उचित खान-पान, स्वास्थ्य हेतु हमने टिहरी हल्द्वानी और देहरादून की जेल में निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य परिवारों को जोड़ना है, इसलिए हमने 89 परिवारों को जोड़ने का काम भी किया। 46 गरीब महिलाओं को जिला विधिक प्राधिकरण की सहायता से अधिवक्ता उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम सामाजिक रूप से स्वतंत्र व राजनीतिक रूप से आगे आएं।



## उत्तराखंड कांग्रेस ने निकाली बेरोजगारी के खिलाफ पदयात्रा



**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** उत्तराखंड में लोकसंभा चुनाव से पहले राज्य में बेरोजगारी के मुद्दे पर सियासत गरमा गई है। इसी के तहत कांग्रेसियों ने राजधानी देहरादून में बेरोजगारी के खिलाफ पदयात्रा निकाली पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में यह पदयात्रा राजीव कॉम्पलेक्स देहरादून में राजीव गांधी को पुष्प अर्पित करने के साथ हुई जो गांधी पार्क देहरादून में संपन्न हुई। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कहना है कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर उत्तराखंड राज्य में है। राज्य में 93 हजार से ज्यादा पद खाली है। लेकिन सरकार इन्हें भरने को तैयार नहीं है। इसको देखते हुए कांग्रेस ने सरकार को जगाने के लिए पदयात्रा निकाली है, जल्द सरकार ने बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं दिया तो कांग्रेस को मजबूरन उग्र आंदोलन करना होगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अमेजिंग मीडिया द्वारा 2024 का कैलेंडर हुआ लॉन्च

## दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस खान के हाथों से किया गया कैलेंडर लांचिंग







**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी वेस्ट टॉल्किज रेस्टरो में तारीख 6 जनवरी 2024 को अमेज़िंग मीडिया द्वारा 2024 का कैलेंडर दैनिक मुंबई हलचल के संपादक, भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के महाराष्ट्र अध्यक्ष और पत्रकार संघ वेलफेयर एसोसिएशन के नेशनल प्रेसिडेंट, दिलशाद एस खान के हाथों से लॉन्चिंग किया गया। इस मौके पर मुख्य महेमानों में डॉ. आचार्य सुब्रमण्यम कृष्णास्वामी, आचार्य सूर्यकांत राउल, अभिनेत्री और मॉडल पूनम शिरकोट (लखनऊ), अभिनेत्री माया जयसवाल, के साथ साथ कई नामी गिरामी सख्सियात मौजूद रहे। इस कॅलेंडर को नेहा मेहता और ओंमकार कदु ने अमेज़िंग मिडिया द्वारा लॉन्च किया है। 12 महिने के इस कॅलेंडर में मोड़ल के रुप में नेहा मेहता, सुजाता चौहान, लिलियन वीगास, बिजल शाह, मृणाल वर्तक, शुभ्रा भोसले, नजर आई तो सब मोड़ल की मेकअप आर्टिस्ट के रुप में हेतल धनक ने भुमिका निभाई है। प्रोडक्शनः विकाश चतुर्वेदी ने किया है। इस कैलेंडर का कॉस्ट्यूम्स डिजाइन डिजाइनर हर्षाली शिरसाले ने किया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अमेज़िंग मिडिया की पुरी टीम ने अपनी महेनत से इसे सफल बनाने में कामयाब हुए। दैनिक मुंबई हलचल के संपादक, भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के महाराष्ट्र अध्यक्ष और पत्रकार संघ वेलफेयर एसोसिएशन के नेशनल प्रेसिडेंट, दिलशाद एस खान ने नेहा मेहता और अमेज़िंग मीडिया की पुरी टीम को शुभकामनाएं दी और सभी मोड़ल की सारहना की और बताया कि हम आप लोगों की सारहना कामों को लेकर आप जैसी महिलाओं को आगे लाएंगे और जब भी जरूरत पड़ेगी हम आपके साथ रहेंगे। हम चाहते हैं की आप जैसी महिलाएं आगे आएं।












दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# तृप्ती एक्स पर हो रही दोबारा ट्रेंड




एनिमल मूवी की हीरोइन और नेशनल क्रश बन चुकी तृप्ती एक बार फिर सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रहीं हैं। उनकी अनदेखी तस्वीरों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पारा बढ़ा दिया है। तृप्ती के फैंस उनकी तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर रहे हैं। तृप्ति ने बॉलीवुड में पोस्टर ब्याज से डेब्यू किया था। इनकी लीड रोल मूवी लैला मजनू थी। वहीं कला और मजनू जैसी मूवीज ने तृप्ती को एक अलग पहचान दी। एनिमल मूवी में तृप्ती का रोल और कैरैक्टर काफी प्रभावी रहा। वहीं इस फिल्म की सफलता ने तृप्ती के करियर में चार चांद लगा दिए हैं। एनिमल की सफलता के बाद तृप्ती के इंस्टाग्राम पर भी फॉलोवर्स बढ़ गए। इंस्टाग्राम पर तृप्ति के मौजूदा समय में 4.7 एम फॉलोवर्स हैं। इंस्टाग्राम पर भी तृप्ती ने आज ब्लैक ड्रेस में कहर ढाती फोटोज शेयर की है।



# मुनव्वर की गर्लफ्रेंड बनना चाहती हैं उर्फी

बिग बॉस इस समय अपने 17वें सीजन में है और मुनव्वर फारुकी ऐसे कंटेस्टेंट हैं जिनका अलग ही फैन बेस है। इसी बीच मुनव्वर को लेकर लोगों से बात करते हुए उर्फी जावेद ने इस स्टैंड-अप कॉमेडियन के लिए प्यार का खुलासा किया है साथ ही लगे हाथ उन्हें प्रपोज भी कर डाला। उर्फी हमेशा अपनी हाजिर जवाबी के लिए जानी जाती हैं। 'बिग बॉस ओटीटी' की एक्स कंटेस्टेंट ने मुनव्वर फारुकी के बारे में पपाराजी से बात करते हुए खुलासा किया कि वह मुनव्वर से बहुत प्यार करती हैं और उन्हें बॉयफ्रेंड बनाना चाहती हैं। उर्फी ने मुनव्वर को सबके सामने प्रपोज किया है और कहा है कि वो अपनी गर्लफ्रेंड को छोड़कर उनके पास आ जाएं। उर्फी ने बताया कि मैं मुनव्वर से प्यार करती हूं, मुझे मुनव्वर बहुत पसंद है और अगर कुछ होगा तो क्यों नहीं करूंगी। इतना अच्छा लड़का है वो। आई लव यू मुनव्वर, अपनी गर्लफ्रेंड को छोड़ो मेरे पास आओ।





# ईशा कोप्पिकर का तलाक हुआ कंफर्म

बॉलीवुड की 'खल्लास गर्ल' यानी एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर की 14 साल की शादी टूट गई है। पहले खबरें आ रही थी कि टिम्मी नारंग और ईशा अलग हो रहे हैं पर अब इस तलाक की खबर पर मुहर लग गई है। खुद एक्ट्रेस के पति टिम्मी ने इस बात की जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि ईशा ने अपनी 9 साल की बेटी रिआना के साथ घर छोड़ दिया है। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान कई बड़े खुलासे भी किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार टिम्मी ने तलाक की खबरों को कंफर्म करते हुए कहा कि हमने करीब डेढ साल तक तलाक पर विचार किया। इसके बाद दोनों ने इसे फाइल करने का सोचा था। उन्होंने कहा कि तलाक बीते साल नवंबर में हुआ था। ये तलाक कई म्यूचुअल शर्तों पर किया गया है। इन सभी के बाद हम दोनों अपने-अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह से आजाद हैं और मुझे नहीं लगता है कि इसमें कोई भी संदेह है। बता दें, ईशा और टिम्मी ने साल 2009 में शादी की थी। कपल की मुलाकात जिम में हुई थी। जिसके बाद दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। कपल की शादी को 14 साल हो गए थे। जिसमें से उनकी एक 9 साल की बेटी है। हालांकि 14 साल पुराने इस रिश्ते का अब अंत हो चुका है।